कश्मीर की वादी में शेरोवाली का द्वारा है | By Lakhbir Singh Lakha |

ना इस का है ना उसका है ना मेरा है ना तेरा है,
कश्मीर की प्यारी वादी में शेरोवाली का डेरा है।

कोहिनूर का जलवा है जन्नत का नजारा है,
कश्मीर की वादी में शेरोवाली का द्वारा है,
ना इस का है ना उसका है ना मेरा है ना तेरा है,
कश्मीर की प्यारी वादी में शेरोवाली का डेरा है।

हर और पहाड़ों ने डाला हुआ घेरा है,
हर जगह बहारों ने फूलों को बिखेरा है,
भगवान ने धरती पर एक स्वर्ग उतारा है,
कश्मीर की वादी में शेरोवाली का द्वारा है।

है केंद्र तपस्या का ऋषि यों कि वह धरती है,
इस धरती की कुदरत भी आराधना करती है,
मुक्ति का द्वारा है कोई पुण्य का सागर है,
कश्मीर की वादी में शेरोवाली का द्वारा है।

मां के इस द्वारे की महिमा ही निराली है,
खाली ना कभी आए जाता जो सवाली है,
ममता के सरोवर की अनमोल वह धारा है,
कश्मीर की वादी में शेरोवाली का द्वारा है।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%be/